University in News on 18 September 2024

HINDUSTAN PAGE 8

लखनऊ विवि के कुलपति आलोक राय ने मंगलवार को बीकेटी के सोनवा ग्राम आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के साथ केक काट पीएम मोदी का जन्म दिन मनाया।

बच्चों ने मनाया पीएम का जन्मदिन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा और शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। बीकेटी के सोनवा ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बच्चों संग केक काटा। उनके साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया।

पांच छात्रों को मिला शानदार प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक के पांच छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक सीएससी के छात्र अमन द्विवेदी का चयन विजडम कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर 10 लाख वार्षिक के पैकेज पर हुआ। अन्य छात्र छात्राओं का भी प्लेसमेंट हुआ।

एलयू छात्रों की गायिकी और कलाकारी देख सब चकित

प्रतिभा

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता से लोगों को आश्चर्य में डाल दिया। संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग की सहायक आचार्य डॉ. भुवनेश्वरी की अगुवाई में पर्यावरण संरक्षण गीत गाया। एलयू के लोगो संग रंगोली बनाई।

डॉ. भुवनेश्वरी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण गीत गाने वालों में बीए द्वितीय वर्ष की अपर्णा मिश्रा, तृतीय की आयरिष बिस्वास और आदित्य शर्मा रहे। गीत पर छात्रा संचिता शुक्ला, रिद्धी तिवारी, प्रतिभा, विवेकानंद राजक और सौरभ अग्रवाल ने नाट्य प्रस्तुति दी। फूलों की रंगोली और मंच सज्जा में बीवीए तृतीय सेमेस्टर की अनामिका गुप्ता, दीपांजलि, स्वाति, सृष्टि मित्रा, श्रुति बर्नवाल, तनु, श्वेता, वर्षा, मुस्कान, नितांशी, स्नेहा, रुक्मणी, सातवें सेमेस्टर की अल्पना, प्रांजली, पांचवें के सौरभ, विवेकानंद, बीए की संस्कृति का नाम है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीफार्मा में 20 तक आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से बीफार्मा की पढ़ाई के लिए अभ्यर्थियों के पास एक मौका है। सीयूईटी का फॉर्म भरने वाले 20 सितंबर तक लविवि की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दाखिले सीयूईटी-2024 की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे।

लविवि प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर ऑफ फार्मेसी में दाखिले के लिए वेबसाइट lurn.lkouniv.ac.in/bph24/ के माध्यम से 20 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।

फार्मेसी संकाय के नए भवन का शुभारंभ हाल ही में किया गया है। इस भवन में 13 उपकरणों सहित सुसज्जित लैब हैं। संस्थान में 500 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

सीयूईटी में आवेदन करने वालों के पास है दाखिले का मौका

लविवि के पांच छात्रों को मिली नौकरी

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक के पांच छात्रों का चयन प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि इनमें अमन द्विवेदी का चयन 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष पैकेज पर हुआ। इसके अलावा बीटेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र कबीर सेठ 7.50 लाख, रिया मिश्रा और समृद्धि श्रीवास्तव का चयन 3.36 लाख के पैकेज पर हुआ। बीसीए के छात्र मानस खरे का चयन 4.8 लाख के पैकेज पर हुआ है। (माई सिटी रिपोर्टर)

पीएम के जन्मदिन पर बच्चों संग किया भोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ और भाऊराव शोधपीठ की ओर से मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अन्य शिक्षकों ने विकासखंड बख्शी का तालाब के ग्राम सोनवा के आंगनबाड़ी केंद्र पर जाकर भोजन किया। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. रूपेश कुमार, कई प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक समेत 200 बच्चे मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के पांच शिक्षक विश्व के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में

माई सिटी रिपोर्टर

डॉ. विनोद वशिष्ठ | प्रो. अभिनव कुमार | डॉ. सीआर गौतम | प्रो. अमृतांशु शुक्ला | डॉ. रोली वर्मा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच शिक्षकों ने दुनिया भर में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इन शिक्षकों को विश्व के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। इनका चयन उनके द्वारा प्रकाशित शोधपत्र व उनके साइटेशन के आधार पर किया गया है।

लविवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में भौतिकी विभाग से प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ला, डॉ. सीआर गौतम और डॉ. रोली वर्मा के साथ ही रसायन विज्ञान विभाग से प्रोफेसर अभिनव कुमार और डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ शामिल हैं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी को बधाई दी है।

प्रो. अमृतांशु शुक्ला का मुख्य काम सैद्धांतिक परमाणु भौतिकी और तापीय ऊर्जा भंडारण पर है। उनके 200 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं, इनमें से लगभग 75 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में शामिल हैं। उनके नाम 10 पुस्तकें भी हैं।

स्टैनफोर्ड विवि हर साल जारी करता है शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची

डॉ. सीआर गौतम सिरेमिक सामग्री के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। सिरेमिक से दंत चिकित्सा और अस्थि प्रत्यारोपण के लिए इम्प्लांट तैयार किए जाते हैं। इनके शोध से नवीन सामग्री विकसित करने में मदद मिली है।

डॉ. रोली वर्मा ने प्लास्मोनिक व फोटोनिक नैनोस्ट्रक्चर और फिल्मों पर आधारित ऑप्टिकल सेंसर पर काम किया है। इसकी सहायता से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को सीधा लाभ पहुंच रहा है।

प्रोफेसर अभिनव कुमार का काम संक्रमणकालीन धातुओं, पॉलिमर (सीपी), धातु-कार्बनिक संरचनाओं (एमओएफ) और डाई-सेंसिटाइज्ड सौर कोशिकाओं के क्षेत्र में रहा है। इससे दवा निर्माण और ऊर्जा क्षेत्र को मदद मिलती है।

डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ का मुख्य काम पृथक्करण विज्ञान, मैक्रोसाइक्लिक कॉम्प्लेक्स, चिरल पृथक्करण, बायोएनालिटिकल रसायन विज्ञान के क्षेत्र में है। इससे रसायनों के माध्यम से पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में काम किया जाता है।

केजीएमयू के 12 डॉक्टर भी शामिल

डॉ. रवींद्र गर्ग

i-NEXT PAGE 4

20 तक होंगे बीफार्म के आवेदन

LUCKNOW : एलयू ने बीफार्म में एडमिशन के लिए 20 सितंबर तक आवेदन की डेट बढ़ा दी है. इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर आफ फार्मेसी के प्रवेश सीयूईटी-2024 की मेरिट के आधार पर होंगे. गौरतलब है कि इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज को अपना नया भवन भी मिल गया है.

एलयू वीसी ने बच्चों संग काटा केक

पीएम मोदी के जन्म दिवस पर एलयू के समाज कार्य विभाग की पं. दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ की ओर से उज्जवल बचपन उन्न्त ग्राम अभियान का शुभारंभ वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बक्शी का तालाब के ग्राम सोनवा आंगनबाड़ी केंद्र पर किया. वीसी ने प्राइमरी स्कूल सोनवा-1 के बच्चों संग केक काटा और उनके साथ खाना भी खाया.

TOI PAGE 4

LU launches 'Ujjwal Bachpan, Unnat Gram' drive

Lucknow: Lucknow University (LU) vice-chancellor Alok Kumar Rai celebrated the 74th birthday of Prime Minister Narendra Modi by engaging with children at the anganwadi centre in Sonwa village in

LU VC Alok Kumar Rai at the event in Bakshi-ka-Talab

Bakshi-ka-Talab area on Tuesday.

The event marked the launch of the "Ujjwal Bachpan, Unnat Gram" campaign that supports the holistic development of adopted villages and reinforces the university's commitment to social responsibility. In honour of the PM's birthday, a cake-cutting ceremony took place, followed by a shared meal with the children. The event also included the launch of a new book and poster for the campaign. TNN

JAGRAN CITY PAGE I

दाखिला चाहिए तो करा लें एलयूआरएन में पंजीकरण

- लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20 सितंबर तक निर्धारित की है एलयूआरएन की अंतिम तिथि
- केकेसी और केकेवी में स्नातक, परास्नातक के कुछ कोर्सों में भी प्रवेश का मौका

जासं • लखनऊ : लवि से सम्बद्ध डिग्री कालेजों में अभी स्नातक और परास्नातक कोर्सों की सीटें खाली हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कालेजों में प्रवेश के लिए एलयूआरएन में पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित कर दी है। इसके बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इसलिए जिन अभ्यर्थियों को कालेजों में दाखिला लेना है, वे अनिवार्य रूप से पहले पंजीकरण करा लें। बिना पंजीकरण के प्रवेश नहीं होंगे।

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी) भी अभ्यर्थियों की पसंद रहा। यहां सभी कोर्सों को मिलाकर 3910 सीटों के सापेक्ष 7077 आवेदन आए थे। रेगुलर कोर्सों की सभी सीटें पहले ही भर चुकी हैं। सेल्फ फाइनेंस के कुछ कोर्सों में सीटों पर प्रवेश का मौका दिया गया है। प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने बताया कि ज्यादातर पाठ्यक्रमों में रेगुलर की सीटें भर चुकी हैं। बी.ए सेल्फ फाइनेंस, बी.काम सेल्फ फाइनेंस, बी.एससी मैथ्स, बी.एससी सांख्यिकी, एम.ए अर्थशास्त्र, एम.ए अंग्रेजी, एम.ए समाजशास्त्र, एम.काम एप्लाइड इकोनामिक्स, एम.एससी भौतिक शास्त्र में कुछ सीटें खाली हैं, जिन पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि जब तक एलयूआरएन खुला तभी तक प्रवेश होंगे।

केकेवी में भी मौका : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) के प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा ने बताया कि स्नातक व परास्नातक कोर्सों में कुछ सीटें खाली हैं। इनमें बी.काम (सेल्फ फाइनेंस) में 100, बी.ए 150, बी.एससी बायो 50, बी.एससी मैथ्स 112, एम.ए हिंदी 30, एम.ए समाजशास्त्र 45, एम.काम 17, एम.एससी फिजिक्स 15, एम.एससी जियोलाजी 17 व एम.एससी केमिस्ट्री की चार सीटें खाली हैं। अभ्यर्थी एलयूआरएन का पंजीकरण कराकर 30 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं।

लवि : पांच विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक के पांच विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बी.टेक (सीएससी) के छात्र अमन द्विवेदी का चयन विजडम कंपनी में साफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष वार्षिक के पैकेज पर हुआ। बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र कबीर सेठ का चयन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) में सिस्टम इंजीनियर के पद पर 7.50 लाख रुपये वार्षिक, छात्रा रिया मिश्रा और बी.टेक (इलेक्ट्रानिक्स) की छात्रा समृद्धि श्रीवास्तव का चयन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) में असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 3.36 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ। बी.सी.ए के छात्र मानस खरे का चयन पाकेट एफएम कंपनी में सीनियर कंटेंट राइटर के रूप में 4.8 लाख रुपये वार्षिक वेतन पर हुआ है।

20 तक होंगे आवेदन

जासं • लखनऊ : लवि ने बीफार्म में प्रवेश के लिए 20 सितंबर तक आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर आफ फार्मेसी के प्रवेश सीयूईटी-2024 की मेरिट के आधार पर होंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी -2024 की परीक्षा दी है, वे बी.फार्म के आनलाइन रजिस्ट्रेशन https://lurn.lkouniv.ac.in/bph24/ के माध्यम से भर सकते हैं।

रिक्त सीटों पर प्रवेश शुरू

जासं • लखनऊ: प्रदेश के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चौथे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई। कौशल विकास विभाग के अभिषेक सिंह ने बताया कि तीसरे चरण के बाद रिक्त सीटों के लिए पहले पंजीकृत और नए अभ्यर्थियों से 15 सितंबर तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। गैर-चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची संबंधित संस्थानों को भेजी जा चुकी है, जिसे अभ्यर्थी अपने लागइन के माध्यम से देख सकते हैं। सीट आवंटन 18 से 23 सितंबर तक होगा। अंतिम चयन प्रक्रिया 24 सितंबर तक पूरी हो जाएगी।

विश्व के शीर्ष विज्ञानियों में लवि के पांच प्रोफेसर शामिल

जासं • लखनऊ: लवि के पांच विज्ञानियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई विश्व के शीर्ष विज्ञानियों की सूची में जगह बनाई है। ...

केजीएमयू से इनके नाम शामिल

पीजीआइ से इन्हें मिली जगह

PIONEER PAGE 3

प्राथमिक विद्यालय के बच्चों संग लविवि कुलपति ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा सेवा और शिक्षा के उत्सव उज्जवल बचपन उन्नत ग्राम अभियान का शुभारंभ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा बीकेटी स्थित ग्राम सोनवा के आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अंतर्गत भाऊ राव देवरस पीठ ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम मे बच्चों को संबोधित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन कल विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के क्रम में किया गया, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय तक ना पहुंच पाने वाले बच्चों से मिलने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन आज बच्चों के बीच स्वयं उपस्थित हुआ है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा कविता वाचन, नृत्य, भाषण इत्यादि की प्रशंसा करते हुए कुलपति जी ने कहा कि छोटे बच्चों द्वारा की गई गतिविधियां अत्यंत ही मनमोहक है। बच्चों का देश के प्रधानमंत्री के प्रति अटूट प्रेम, उनकी श्रद्धा एवं बच्चों में देश प्रेम की भावना को प्रदर्शित करता है। सेवा भाव से प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को बच्चों के साथ उत्साह पूर्वक कुलपति द्वारा केक काटकर मनाया गया। इसी क्रम में कुलपति ने दोपहर का भोजन भी बच्चों के संग ही प्राथमिक विद्यालय में किया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाई गई प्रधानमंत्री की तस्वीर को कुलपति को उपहार स्वरूप दिया गया। पं दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ द्वारा 5 ग्रामों को गोद लिया गया है, जिसके तहत उनके सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखा गया है। आज का कार्यक्रम बच्चों के मध्य विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अपने संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन की ओर एक पहल है। डा द्विवेदी ने यह आश्वासन दिया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ वर्ष भर निरंतर गोद लिए गए गांव के बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। दोनों शोधपीठ द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र को बच्चों के मध्य साइकिल, स्कूल बैग, कॉपी, किताबें एवं अन्य खेल सामग्रियां वितरित की गईं। धन्यवाद ज्ञापन प्रो राम मिलन, भाऊ राव देवरस पीठ के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग द्वारा गया। उक्त कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित विश्वविद्यालय शिक्षक, विभिन्न प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक समेत 200 बच्चे मौजूद रहे।

वैश्विक स्तर पर दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में एलयू के पांच शिक्षक शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संयुक्त राज्य अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए विश्व डेटाबेस में शीर्ष दो प्रतिशत वैश्विक वैज्ञानिकों में लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में भौतिकी विभाग से प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ला, डॉ. सी.आर. गौतम, डॉ. रोली वर्मा, जबकि रसायन विज्ञान विभाग से प्रोफेसर अभिनव कुमार और डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ शामिल हैं। प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ला, सैद्धांतिक परमाणु भौतिकी और तापीय ऊर्जा भंडारण पर अपने अनुकरणीय पर किये गये शोध कार्य के कारण सुर्खियों में हैं। उनके 200 से अधिक शोध पत्र आज तक प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें से लगभग 75 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में शामिल हैं। उनके नाम 10 पुस्तकें भी हैं, जो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित की गई हैं। डॉ. सी.आर. गौतम सिरेमिक सामग्री के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और उन्होंने दंत चिकित्सा और अस्थि प्रत्यारोपण सहित जैविक अनुप्रयोगों के लिए सफलतापूर्वक नवीन सामग्री विकसित की है! जबकि डॉ. रोली वर्मा ने प्लास्मोनिक और फोटोनिक नैनोस्ट्रक्चर और फिल्मों पर आधारित ऑप्टिकल सेंसर पर काम किया, जिसने उन्हें शीर्ष पर पहुंचाया। उनके शोध कार्य का उद्देश्य पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाना रहा है। वहीं, प्रोफेसर अभिनव कुमार का काम संक्रमणकालीन धातुओं, पॉलिमर (सीपी), धातु-कार्बनिक संरचनाओं (एमओएफ) और डाई-सेंसिटाइज्ड सौर कोशिकाओं के क्षेत्र में रहा है। इस प्रकार के शोध के पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में कई उपयोग हैं, जिसमें दवा निर्माण और ऊर्जा क्षेत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। रसायन विज्ञान से डॉ. वशिष्ठ पृथक्करण विज्ञान, मैक्रोसाइक्लिक कॉम्प्लेक्स, चिरल पृथक्करण, बायोएनालिटिकल रसायन विज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय शोधकर्ता हैं, जिनका पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में विशेष अनुप्रयोग है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए, आशा व्यक्त की कि हम छात्रों और शिक्षकों की विशिष्ट उपलब्धियों के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय का झंडा इसी तरह ऊंचा फहराते रहेंगे। डेटाबेस में वैज्ञानिकों को स्थापित साइंस-मेट्रिक्स वर्गीकरण प्रणाली का उपयोग करके अलग-अलग वैज्ञानिक क्षेत्रों और 174 उप-क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। अगस्त 2024 के अंत तक उनके पूरे करियर के डेटा को अपडेट किया गया है और सबसे हाल के वर्ष का डेटा शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में प्राप्त उद्धरणों की संख्या को दर्शाता है।

एलयू में बीफार्मा में दाखिले के लिए आवेदन 20 तक

लखनऊ। लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर ऑफ फार्मेसी का प्रवेश सीयूईटी-2024 की मेरिट के आधार किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी-2024 की परीक्षा दी है वे बीफार्म के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन विश्वविधालय के वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 20 सितम्बर 2024 तक आवेदन कर सकते है। इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत वर्ष 2021 से संचालित है।

AMRIT VICHAR PAGE 5

प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ उपस्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार राय। अमृत विचार

कुलपति ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया मोदी का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से उज्जवल बचपन उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर बीकेटी, सोनवा के आंगनबाड़ी केंद्र पर किया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अंतर्गत भाऊ राव देवरस पीठ ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम मे बच्चों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के क्रम में किया गया। इस मौके पर कुलपति ने बच्चों के साथ मिलकर केक काट कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की। बच्चों ने खुद के द्वारा बनाई गई प्रधानमंत्री की तस्वीर को कुलपति को उपहार स्वरूप दिया। इस मौके पर कुलपति ने बच्चों के साथ भोज भी किया। बच्चों को साईकिल, स्कूल बैग, कॉपी, किताबें एवं अन्य खेल सामग्रियां वितरित की गईं।

बी. फार्मेसी में प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्म) का प्रवेश सीयूईटी -2024 की मेरिट के आधार पर होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://lurn.lkouniv.ac.in/bph24/ के माध्यम से 20 तक आवेदन कर सकते है। इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत वर्ष 2021 से संचालित है। यह संस्था फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है। यहां 13 उपकरणों सहित सुसज्जित लैब एवं 2 बड़े लेक्चर थियेटर व 8 बड़े लेक्चर रूम है।

लविवि के पांच छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक के 5 छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक (सीएससी) के छात्र अमन द्विवेदी का चयन विजडम कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर 10 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ। इसके अलावा बीटेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र कबीर सेठ का चयन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) में सिस्टम इंजीनियर के पद पर 7.50 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर और बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा रिया मिश्रा व बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स) की छात्रा समृद्धि श्रीवास्तव का चयन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) में असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 3.36 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ। वहीं, बीसीए के छात्र मानस खरे का चयन पॉकेट एफएम कंपनी में सीनियर कंटेंट राइटर के रूप में 4.8 लाख रुपये वार्षिक वेतन पर हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 5 वैज्ञानिक शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से बनाए गए विश्व डेटाबेस में मिली जगह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संयुक्त राज्य अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से बनाए गए विश्व डेटाबेस में शीर्ष 2 प्रतिशत वैश्विक वैज्ञानिकों में लखनऊ विश्वविद्यालय के 5 वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। ...

THE PIONEER PAGE 3

5 from LU in Stanford University list of world's top scientists

Lucknow (PNS): Five scientists from the University of Lucknow have been recognised among the top two percent of global scientists in the prestigious Stanford University database. These scientists include Prof Amritanshu Shukla, Dr CR Gautam, and Dr Roli Verma from the Physics department, as well as Prof Abhinav Kumar and Dr Vinod Kumar Vashishtha from the Chemistry department.

Prof Amritanshu Shukla has garnered attention for his work in Theoretical Nuclear Physics and Thermal Energy Storage. With approximately 200 research papers published, including 75 in international journals, Shukla's work has made a significant impact. He is also the author of 10 books published by renowned international publishers.

Dr Roli Verma's research focuses on optical sensors based on plasmonic and photonic nanostructures and films.

Prof Abhinav Kumar's research encompasses transitional metals, conducting polymers, metal-organic frameworks (MOFs), and dye-sensitised solar cells. His work has significant implications in materials science, particularly in drug manufacturing and energy applications.

Dr Vinod Kumar Vashishtha is noted for his research in Separation Science, Macrocyclic Complexes, Chiral Separation, and Bioanalytical Chemistry, with a special focus on environmental sciences.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में लविवि के पांच वैज्ञानिक शामिल

डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ | प्रो. अभिनव कुमार | डॉ. सीआर गौतम | डॉ. रोली वर्मा | प्रो. अमृतांशु शुक्ला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। संयुक्त राज्य अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए विश्व डेटाबेस में शीर्ष दो प्रतिशत वैश्विक वैज्ञानिकों में लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। ... नैनोस्ट्रक्चर और फिल्मों पर आधारित ऑप्टिकल सेंसर पर काम किया, जिसने उन्हें शीर्ष पर पहुंचाया। उनके शोध कार्य का उद्देश्य पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाना रहा है। वहीं, प्रोफेसर अभिनव कुमार का काम संक्रमणकालीन धातुओं, पॉलिमर (सीपी), धातु-कार्बनिक ... कई उपयोग हैं, जिसमें दवा निर्माण और ऊर्जा क्षेत्र विशेष रूप से हैं। रसायन विज्ञान से डॉ. वशिष्ठ पृथक्करण विज्ञान, मैक्रोसाइक्लिक कॉम्प्लेक्स, चिरल पृथक्करण, बायोएनालिटिकल रसायन विज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय शोधकर्ता हैं, जिनका पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में विशेष अनुप्रयोग है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

बी.फार्म में प्रवेश के लिए 20 तक मौका

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।

लखनऊ विश्वविधालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर ऑफ़ फार्मेसी का प्रवेश सीयूईटी-2024 की मेरिट के आधार किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी-2024 की परीक्षा दी है वे बी.फार्म के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन विश्वविधालय के वेबसाइट https://lurn.lkouniv.ac.in/bphwy/ के माध्यम से 20 सितम्बर तक आवेदन कर सकते है। इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ़ ...

LOKSATYA PAGE 2

एलयू के वैज्ञानिक स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की विश्व के शीर्ष वैज्ञानिक सूची में शामिल

लखनऊ, लोकसत्य। संयुक्त राज्य अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के बनाए गए विश्व डेटाबेस में शीर्ष दो प्रतिशत वैश्विक वैज्ञानिकों में लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में भौतिकी विभाग से प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ला, डॉ. सी.आर. गौतम, डॉ. रोली वर्मा, जबकि रसायन विज्ञान विभाग से प्रोफेसर अभिनव कुमार और डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ शामिल हैं। प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ला, सैद्धांतिक परमाणु भौतिकी और तापीय ऊर्जा भंडारण पर अपने अनुकरणीय पर किये गये शोध कार्य के कारण सुर्खियों में हैं। उनके 200 से अधिक शोध पत्र आज तक प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें से लगभग 75 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में शामिल हैं। उनके नाम 10 पुस्तकें भी हैं, जो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित की गई हैं। डॉ. सी.आर. गौतम सिरेमिक सामग्री के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और उन्होंने दंत चिकित्सा और अस्थि प्रत्यारोपण सहित जैविक अनुप्रयोगों के लिए सफलतापूर्वक नवीन सामग्री विकसित की है ! जबकि डॉ. रोली वर्मा ने प्लास्मोनिक और फोटोनिक नैनोस्ट्रक्चर और फिल्मों पर आधारित ऑप्टिकल सेंसर पर काम किया, जिसने उन्हें शीर्ष पर पहुंचाया। उनके शोध कार्य का उद्देश्य पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाना रहा है। वहीं, प्रोफेसर अभिनव कुमार का काम संक्रमणकालीन धातुओं, पॉलिमर (सीपी), धातु-कार्बनिक संरचनाओं ...